Publication	Jansatta	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	14/03/2023	Page no	16

आपदा राहत के रूप में पांच राज्यों को 1,816 करोड़ रुपए की मंजूरी

नई दिल्ली, 13 मार्च (भाषा)।

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने कर्नाटक सहित पांच राज्यों को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में अतिरिक्त 1,816 करोड़ रुपए जारी करने की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 2022 के दौरान हुई बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के मद्देनजर असम, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मेघालय और नगालैंड को सहायता प्रदान की जाएगी। बयान में कहा गया है कि शाह की अध्यक्षता में एचएलसी ने पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि यह प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

Downloaded from SAMVAD